सुविचार



श्रद्धा और विश्वास ऐसी जड़ी बूटियां हैं कि जो एक बार घोल कर पी लेता है वह चाहने पर मृत्यु को भी पीछे धकेल देता है।
- अमृतलाल नागर


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com


## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- फर्जी फर्म बनाकर 9.64 करोड़ की कर चोरी, एफआईआर II
- नगर निगम को बताएं फिर भंडारा कराएं III
- अभिउदय पहुंचे क्वालीफाइंग के अगले दौर में IV


लखनऊ, रविवार, 3 मई 2026

## शहर में आज



- गोमती नगर स्थित चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म के तीर्थंकर आदिनाथ की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का पंचकल्याणक महोत्सव और सम्मान समारोह– 8 :30 बजे से।
- बसन्त विहार कालोनी में वार्ड के पार्षद मनीष रस्तोगी और पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव का स्वागत समारोह– 10 :00 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में द आर्ट ऑफ लिविंग लखनऊ चैप्टर की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली विभूतियों का सम्मान समारोह– 5 :30 बजे से।


पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# टीबी का इलाज चल रहा था, सीने में निकला 2.5 किलो का ट्यूमर

- किंग जॉर्ज चिकित्सा विवि में 5 घंटे तक चला जटिल आपॅरेशन
- नौ दिन बाद स्थिर हो गई मरीज की हालत, अस्पताल से छुट्टी
- निजी अस्पताल में दी थी फेफड़े का हिस्सा निकालने की सलाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछले वर्ष जून में युवती को बुखार और सांस लेने में तकलीफ बढ़ी।एक्स-रे में फेफड़ों में पानी होने की आशंका के बाद निजी अस्पताल में टीबी का इलाज शुरू कर दिया गया। डॉक्टर ने फेफड़े का हिस्सा तक निकालने की सलाह दे दी थी। लगभग नौ महीने के इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर परिजन मरीज को लेकर अप्रैल में केजीएमयू पहुंचे, जहां जांच कराकर विशेषज्ञ चिकित्सक ने जर्म सेल ट्यूमर होने की पुष्टि की। 5 घंटे चले ऑपरेशन के बाद 2.5 किलो का ट्यूमर निकाला गया। नौ दिन बाद मरीज को अस्पताल से घर भेज दिया गया।



ऑपरेशन करने वाली टीम के साथ मरीज शगुन (दुपट्टे और टीशर्ट में)।

सदर के उदयगंज निवासी शगुन को जून 2025 से सीने में दर्द, भारीपन और सांस फूलने की तकलीफ हुई। दवाएं लेने के बाद भी सुधार नहीं हुआ।

जनवरी में हालत और बिगड़ गई। बुखार और सांस लेने में तकलीफ बढ़ने पर एक्स-रे कराया, जिसमें फेफड़ों में पानी होने की आशंका जताई गई। निजी अस्पताल में भर्ती कराकर टीबी का इलाज शुरू किया गया। कुछ समय के लिए राहत मिली, लेकिन फिर स्थिति गंभीर हो गई। सीटी स्कैन और बायोप्सी कराने पर पल्मोनरी हैमार्टोमा की आशंका जताई गई। डॉक्टर ने फेफड़े का हिस्सा निकालने की सलाह दी। इसके बाद परिजन 6 अप्रैल को मरीज को लेकर किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पहुंचे। वहां जांच के बाद विशेषज्ञों ने जर्म सेल ट्यूमर (मैच्योर टेराटोमा) होने की पुष्टि की। 21 अप्रैल को जटिल सर्जरी में डॉक्टरों की टीम ने 2.5 किलो का ट्यूमर निकाल दिया।

ट्यूमर निकलने से मरीज का सिकुड़ा हुआ फेफड़ा फैल गया और उसकी हालत में तेजी से सुधार होने लगा। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। नौ दिन बाद हालत स्थिर होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार ट्यूमर इतना बड़ा हो चुका था कि मरीज का दायां फेफड़ा पूरी तरह सिकुड़ गया था और दिल के साथ मुख्य धमनी (एओर्टा) पर खतरनाक दबाव बना रहा था, जिससे उसकी सांसें तक थमने लगी थीं।

ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. मिथिलेश वर्मा, डॉ. संजीव पूर्ति, डॉ. वैभव अग्रवाल, डॉ. नीतू सिंह, एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. विनोद श्रीवास्तव समेत अन्य डॉक्टर-पैरामेडिकल स्टाफ शामिल रहा।

### दो लाख में एक में पनपता है जर्म सेल ट्यूमर

- चिकित्सा अधीक्षक व जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. सुरेश कुमार के निर्देशन में इलाज शुरू हुआ। डॉक्टरों के अनुसार यह ट्यूमर बेहद दुर्लभ होता है और करीब दो लाख में एक व्यक्ति में पाया जाता है। सीने के एंटीरियर मेडियास्टिनम में मौजूद इस ट्यूमर में मांस, हड्डी और बाल जैसे तत्व मौजूद थे। यह दिल और फेफड़ों पर दबाव बनाकर स्थिति को जानलेवा बना रहा था।

## आलमबाग में रोजगार मेला 5 और 15 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन निगम की ओर से संविदा पर बस चालकों की भर्ती के लिए आलमबाग बस टर्मिनल पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला 5 और 15 मई को लगाया जाएगा, जहां इच्छुक अभ्यर्थी अपने जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकेंगे। भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ पास निर्धारित की गई है, जबकि अभ्यर्थी की आयु कम से कम साढ़े 23 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही उम्मीदवार के पास दो वर्ष पुराना हैवी ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। आवेदन स्वीकृत होने के बाद अभ्यर्थियों को अगले दिन बस ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को एक सप्ताह के भीतर अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर कर ड्यूटी दे दी जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### महानगर से अकबर नगर तक 25 दुकानें हटाईं

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शनिवार को अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए। जोन 3 में जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में साहू एजेंसी से महानगर की दोनों पटरियों तथा बादशाह नगर से अकबर नगर तक अवैध तरीके से लगीं 25 गन्ने की मशीनें, पान की दुकानें, गुमटियां हटाईं। जोन– 7 में पॉलीटेक्निक चौराहे से कमता तक तथा सेक्टर 9 सेंट मैरी स्कूल के आस–पास, नालों और सड़कों की पटरियों पर किये गए अवैध कब्जे हटाए।

### नगर निगम ने 7 करोड़ की जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त



औरंगाबाद खालसा में अतिक्रमण ध्वस्त करती जेसीबी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शनिवार को अभियान चलाकर सरोजनी नगर तहसील के ग्राम बिजनौर, नटकुर, अमौसी और औरंगाबाद से कुल 7 करोड़ मूल्य की सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि संयुक्त कार्रवाई में ग्राम बिजनौर में 0 .506 हेक्टेयर (लगभग 2 करोड़ रुपये), ग्राम नटकुर में 1 .265 हेक्टेयर (करीब 1 .50 करोड़ रुपये), ग्राम अमौसी में लगभग 10 बिस्वा (करीब 2 .70 करोड़ रुपये) तथा ग्राम औरंगाबाद जागीर में लगभग 7000 वर्ग फीट लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद, तहसीलदार अरविंद पाण्डेय, नायब तहसीलदार तेजस्वी प्रकाश एवं रत्नेश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम एवं तहसील के लेखपालों तथा ईटीएफ फोर्स ने कार्रवाई की।

### सिविल की इमरजेंसी में बढ़ेंगे 24 बेड

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल) की इमरजेंसी का विस्तार होगा। नए 24 बेड बढ़ेंगे। इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर शासन को पत्र लिखकर मंजूरी मांगी गई है। वर्तमान में इमरजेंसी में 20 बेड संचालित हो रहे हैं, जबकि रोजाना 50 से 60 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। मरीजों की इस बढ़ती संख्या के कारण इमरजेंसी में लगातार दबाव बना रहता है। वहीं, किसी बड़ी कैजुअल्टी की स्थिति में हालात और चुनौतीपूर्ण हो जाते हैं। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी विस्तार का निर्णय लिया है। अस्पताल के निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता के अनुसार, शासन से स्वीकृति मिलते ही इमरजेंसी विस्तार की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी जाएगी, जिससे मरीजों को बेहतर और समय पर

# मुनाफा घटाएंगे, दाम नहीं बढ़ाएंगे

## दुकानदार बोले, अब समोसा, बर्गर, चाय के दाम बढ़ाए तो दुकान ही करनी पड़ेगी बंद

**सिलेंडर की महंगाई**

- गैस सिलेंडर की किल्लत होने पर डेढ़ महीने पहले ही बढ़ा चुके दाम
- समोसा-चाय में पांच और बर्गर पिज्जा में बढ़ाए थे 10 रुपये
- कमर्शियल सिलेंडर की जगह दूसरे संसाधन का भी करेंगे उपयोग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** कमर्शियल सिलेंडर के दाम 993 रुपये बढ़ने के बावजूद ठेला-खोमचा और खानपान की छोटी दुकानें चलाने वाले कारोबारी खाद्य सामग्रियों के दाम बढ़ाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इन कारोबारियों का कहना है कि दो महीने पहले रसोई गैस की किल्लत के दौरान कोयला, लकड़ी आदि महंगी मिलने पर खाद्य सामग्री के दाम बढ़ा चुके हैं, अगर अब दाम बढ़ाए तो अभी जो ग्राहक आ रहे हैं वे भी नहीं आएंगे, दुकान पर ताला ही लगाना पड़ेगा।

कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 993 रुपये एकमुश्त वृद्धि कर दी गई है। अब 19 किलो का सिलेंडर 3194 रुपये हो गया है। इससे कारोबारियों के जब पर बोझ बढ़ गया है। हजरतगंज स्थित केवल चाय के संचालक ने बताया कि पिछले महीने ही चाय, समोसा और बंद मक्खन पर 5 रुपये बढ़ाए हैं। सिलेंडर के दामों में इतनी वृद्धि चिंतजनक है, लेकिन मुनाफा घटाकर जैसे तैसे काम चलाएंगे। अगर अब दाम बढ़ाए तो जो ग्राहक आ रहे हैं, वह भी आना बंद हो जाएंगे।

तेलीबाग स्थित हिमालय फास्ट फूड के संचालक जयकरन सिंह ने बताया कि बर्गर, चाउमिन, पिज्जा सहित अन्य सामग्री पर 10 रुपये बढ़ाए थे। वृंदावन टी सेंटर के संचालक आरपी मिश्रा ने बताया कि समोसा, चाय, छोला-चावल, पूड़ी-सब्जी आदि के दाम बढ़ाए जा चुके हैं। इतनी जल्दी दाम बढ़ाने से कारोबार प्रभावित होगा। मुनाफा कम करेंगे और कमर्शियल सिलेंडर के जगह भट्टी या अन्य संसाधन का उपयोग करेंगे।



संयुक्त व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे के साथ प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

### कमर्शियल सिलेंडर के दामों में वृद्धि पर सड़क पर उतरे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के विरोध में संयुक्त व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे के नेतृत्व में शनिवार को व्यापारियों ने राजाजीपुरम में प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि कीमत 993 रुपये अधिक बढ़ने से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मिठाई, कैटर्स के से जुड़े व्यापारी प्रभावित होंगे।सरकार बढ़े दामों पर तत्काल विचार करे। कुछ व्यापारियों ने कहा कि लखनऊ आवास विकास द्वारा भेजे जा रहे नोटिस से व्यापारी वर्ग काफी परेशान हैं। इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। पुराने बने मकान का नक्शा पास कराओ नहीं तो दुकान मकान सील कर दिया जाएगा। सोमवार को संगठन एडीएम आपूर्ति व आवास विकास से मिलेगा और अपनी मांग उनके समक्ष रखेगा। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव प्रवीण मणि त्रिपाठी, अनुपम भदौरिया, नितिन सचान, रवि दुबे, कर्मवीर सिंह, सनत कुमार शुक्ला, संजय गुप्ता, करुणेश प्रताप सिंह, रामजी शुक्ला, नमन वाजपेयी, बाल बिहारी मिश्रा, राज तिवारी, योगेश कुमार शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी जनता पर बोझ

- **अमृत विचार, लखनऊ :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पोलित ब्यूरो ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोत्तरी की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने व्यावसायिक गैस सिलेंडरों और 5 किलो गैर–सब्सिडी सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि को आम जनता पर अतिरिक्त बोझ बताया है। पोलित ब्यूरो के अनुसार व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में करीब एक हजार रुपये की अभूतपूर्व वृद्धि का असर व्यापक होगा। इससे छोटे–बड़े प्रतिष्ठानों की लागत बढ़ेगी, जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। पार्टी का कहना है कि इससे महंगाई बढ़ेगी और कई छोटे कारोबार बंद होने की कगार पर पहुंच सकते हैं, जिससे रोजगार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कीमतों में तत्काल कटौती की जाए।

### कैटरर्स को होगा बड़ा नुकसान

- कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में भारी बढ़ोतरी से शादी के लिए फुल कैटरिंग बुक कराने वाले तो फायदे में हैं, लेकिन कैटररर्स को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने बताया कि सिलेंडर के दाम बढ़ने से कैटररर्स को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। पहले से हो चुकीं बुकिंग कैंसिल नहीं की जा सकती हैं। जिन लोगों ने हाफ कैट रिंग बुक की है उनको भी खाद्य वस्तुओं से लेकर गैस सिलेंडर की महंगाई के कारण और जेब ढ़ीली करनी पड़ेगी।

## जानकीपुरम जोन में लो वोल्टेज से लोग परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर केजानकीपुरम जोन में लो वोल्टेज की समस्या से 250 परिवार परेशान हैं। फैजुल्लागंज, श्रीनगर कॉलोनी, केशव नगर, सरस्वतीपुरम, जानकी विहार सेक्टर-1 और जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-6 और जीपीआरए सहित आसपास सुबह और शाम वोल्टेज लो हो जाता है। इससे कूलर, एसी, पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण काम नहीं कर पाते। पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। मोटर और पंप सही से नहीं चल पाने के कारण घरों में पानी की किल्लत हो जाती है, जिससे दैनिक कार्यों में निपटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के समय पानी की जरूरत होती वोल्टेज लो होने से अधिक परेशानी होती है।

## पहले ही वर्ष में किए 300 ऑपरेशन, देखे 9000 मरीज

- एसजीपीजीआई के हेड एंड नेक सर्जरी विभाग ने हासिल की उपलब्धि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के हेड एंड नेक सर्जरी विभाग ने पहले वर्ष में ओपीडी में करीब 9000 मरीजों को परामर्श दिया और 300 से अधिक सफल सर्जरी की। इन उपलब्धियों के उपलक्ष्य में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के एनाटॉमी विभाग के सहयोग से कैडेवर (शव आधारित) कार्यशाला का आयोजन किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. अमित केशरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य डॉक्टरों को जटिल सर्जरी की बारीकियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। इसमें देशभर के लगभग 70 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया। टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई के वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रथमेश पाई ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया और लाइव सर्जिकल डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने विभाग की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि निकट भविष्य में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा भी शुरू की जाएगी, जिससे मरीजों को अत्याधुनिक उपचार मिल सकेगा। डीन डॉ. शालीन कुमार ने बहुविषयक उपचार पद्धति को अधिक प्रभावी बताते हुए इसे बढ़ावा देने पर जोर दिया, जबकि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. देवेंद्र गुप्ता ने विभाग के लिए संसाधनों के विस्तार का आश्वासन दिया।



तेज धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जातीं युवतियां। अमृत विचार

### आज छाएंगे बादल, कल से आंधी के साथ बारिश की संभावना

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में गुरुवार को मौसम में अचानक हुए बदलाव के बाद हुई बारिश से तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। शनिवार को तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई लेकिन हवा में नमी के कारण धूप बेअसर रही, जिससे मौसम खुशनुमा रहा। गुरुवार को अधिकतम तापमान करीब 1 डिग्री बढ़कर 34 .1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 5 .3 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी करीब 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 23 .1 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग ने फिर बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी और आस–पास रविवार को कहीं–कहीं बादल छाए रहेंगे। 4 मई से आंधी–तूफान के साथ बेमौसम बारिश की संभावना है। बारिश से तापमान में करीब 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है, जिससे लोगों को आगामी एक हफ्ते तक गर्मी और लू से राहत मिलेगी।

**लोहिया संस्थान**

अस्थमा से बचाव और इलाज को लेकर आयोजित कार्यशाला में विषेशज्ञों ने साझा की जानकारी

# इनहेलर के प्रति भ्रांतियां अस्थमा रोग के उपचार में बड़ी बाधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अस्थमा में इनहेलर सुरक्षित, प्रभावी और कम दुष्प्रभाव वाले होते हैं, लेकिन इसको लेकर भ्रांतियां फैली हैं। ये भ्रांतियां अस्थमा के सही उपचार में सबसे बड़ी बाधा हैं। ये बात पल्मोनरी विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय सिंह ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित कार्यशाला में कही।

विश्व अस्थमा दिवस पर लोहिया संस्थान के श्वसन रोग विभाग ने श्वसन रोग चिकित्सा में संचार एवं तकनीक की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें श्वसन रोग विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर प्रो. अजय कुमार वर्मा ने अस्थमा उपचार की विकसित होती अंतरराष्ट्रीय गाइडलाइंस पर प्रकाश डाला। अस्थमा की प्रारंभिक पहचान, एंटी-इन्फ्लेमेटरी इनहेलर थेरेपी तथा साक्ष्य-आधारित उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे अस्थमा से होने वाली जटिलताओं एवं मृत्यु दर को कम किया जा सके।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला की शुरुआत करते निदेशक डॉ .सीएम सिंह व अन्य। अमृत विचार

संस्थान के सीएमएस प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि अस्थमा के निदान एवं उपचार में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद उपयुक्त उपचार सभी मरीजों तक पहुंचाना आज भी एक बड़ी चुनौती है, विशेषकर विकासशील देशों में।

उन्होंने आधुनिक अस्थमा उपचार की उपलब्धता एवं पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। एसजीपीजीआई के पल्मोनरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक नाथ ने बायोलॉजिक थेरेपी, एलर्जी इम्यूनोथेरेपी तथा नई इनहेल्ड उपचार पद्धतियों की भूमिका पर चर्चा की, जो जटिल अस्थमा रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला रही हैं।

लोहिया संस्थान के मेडिसिन विभाग की डॉ. मृदु सिंह ने सांस फूलने के विभिन्न कारणों एवं सही निदान के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घरघराहट या सांस फूलने को बिना उचित जांच के अस्थमा मान लेना उचित नहीं है।

### जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक

- संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने कहा कि छात्रों, चिकित्सकों एवं आम जनता में अस्थमा के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि समय रहते लक्षणों की पहचान एवं चिकित्सकीय परामर्श से अस्थमा से होने वाली मृत्यु को रोका जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उचित उपचार एवं नियमित फॉलोअप से अस्थमा रोगी सामान्य एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

### टीकाकरण के महत्व पर दिया जोर

- केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश ने अस्थमा एवं सीओपीडी जैसे दीर्घकालिक फेफड़ों के रोगों में टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सुपरस्पेशलिटी चिकित्सा शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में लोहिया संस्थान में शीघ्र ही पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन में डीएम पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा।

## गरीबरथ में एसी डक्ट गिरा, यात्री बचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रायपुर से लखनऊ आ रही गरीबरथ एक्सप्रेस में ट्रेन में एसी डक्ट एक यात्री पर गिर पड़ा। घटना में यात्री बाल-बाल बचा। यात्री अनिवेश चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पर शिकायत करते हुए बताया कि वह गाड़ी संख्या 12536 गरीबरथ एक्सप्रेस के जी-15 कोच में सीट नंबर 28 (लोअर बर्थ) पर यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के चलने के दौरान जैसे ही वह सीट पर बैठने जा रहे थे, तभी एसी डक्ट गिर गया। अगर वह लेटे होते तो गंभीर चोट लग सकती थी। घटना के बाद कोच में अफरा-तफरी मच गई और अन्य यात्री भी सहम गए। सूचना मिलने पर मेंटीनेंस स्टाफ ने डक्ट को ठीक तो कर दिया, लेकिन यात्री पूरे सफर के दौरान डरे रहे। इसके पहले 12533 पुष्पक एक्सप्रेस की थर्ड एसी बोगी बी-2 में कूलिंग फेल होने की शिकायत दर्ज की गई। 04013 लौकहा बाजार-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल के सेकेंड एसी कोच ए-1 में शौचालय में पानी नहीं होने और कूलिंग ठप रहने से यात्रियों को दिक्कतें उठानी पड़ीं।

## सिटी ब्रीफ

### महिला से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीजीआई पुलिस ने शुक्रवार को शादी का झांसा देकर चार वर्ष तक महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के मुताबिक आशियाना निवासी करीब तलाकशुदा महिला ने बिहार के वैशाली जिले के महमदपुर मनोरथ निवासी अफसर आलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया था। आरोप था कि पहले मदद के बहाने उससे नजदीकियां बढ़ाईं। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ पीजीआई इलाके के वृंदावन योजना में लिव-इन में रखने लगा। अफसर ने चार वर्षों तक शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक शोषण किया। जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने इनकार किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने शुक्रवार को पीजीआई थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को शनिवार को शहीद पथ अंडरपास से गिरफ्तार कर लिया।

### शिक्षिका को परेशान कर रहा था युवक

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा इलाके में रहने वाली शिक्षिका को पूर्व परिचित युवक लगातार कई माह से परेशान कर रहा है। उसे गालियां और जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। गुडंबा इलाके में पीड़िता अपनी दो बेटियों के साथ रहती हैं। एक निजी स्कूल में पढ़ाती है। आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाले प्रफुल तिवारी से पहले उनकी मित्रता थी, लेकिन उसके व्यवहार और चालचलन की जानकारी होने पर उन्होंने दूरी बना ली। इसके बाद आरोपी लगातार उन्हें परेशान करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी घर के बाहर आकर गाली-गलौज करता है, उन्हें और उनके बच्चों को धमकाता है तथा जान से मारने की चेतावनी देता है। इंस्पेक्टर अंजनी तिवारी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी लापता

**अमृत विचार, आलमबाग:** कृष्णा नगर इलाके मे अपनी दादी के पास रहने आई 16वर्षीया किशोरी गुरूवार को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मां ने कृष्णानगर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक गौरा मोहनलालगंज निवासिनी रेशमा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि उनकी 16 वर्षिया पुत्री लक्ष्मी कुछ दिन पूर्व कृष्णा नगर के सम्भर खेडा बाराबिरवा में रह रही अपने दादी के पास रहने आई थी। लेकिन वह 30 अप्रैल की सुबह 9 बजे घर से बिना किसी को बताये लापता हो गई। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने बेटी की खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस के अनुसार लापता किशोरी की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश की जा रही है।

### जालसाजों ने मदद के बहाने 20 हजार ठगे

**अमृत विचार, काकोरी:** पारा में एटीएम पर मदद के बहाने जालसाजों ने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 20 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि महेश कुमार चौधरी निवासी विधि संकाय, डीएसएमएनआरयू 25 अप्रैल को मोहान रोड स्थित एसबीआई एटीएम पर पैसे निकालने गए थे। वहां मौजूद दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें बहकाते हुए कहा कि उनका ट्रांजेक्शन अभी पूरा नहीं हुआ है। आरोपियों ने मदद के नाम पर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया तथा उनका पिन भी देख लिया। कार्ड से एल्डिको स्थित एक स्कूल में फीस जमा करने गए, लेकिन भुगतान नहीं हो सका। सुबह दो बार में पीएनबी के खाते से 10-10 हजार रुपये निकल गये। पुलिस के मुताबिक जांच की जा रही है।

### पुलिस वाहन पर फेंका पत्थर, शीशा टूटा

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** मोहनलालगंज के अतरौली गांव में युवक ने शनिवार को पुलिस वाहन पर पत्थर फेंक दिया। जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस के मुताबिक युवक नशे में धुत था। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर अस्पताल भेजा। अतरौली गांव में युवक द्वारा हंगामा करने की सूचना पर पीआरवी 9045 पहुंची थी। उस पर तैनात हेड कांस्टेबल फूलचंद्र के मुताबिक वह चालक विपुल के साथ पहुंचे थे। कॉलर कृष्णकांत ने घटना की सूचना दी। मौके पर भालेंद्र उर्फ भल्लू नशे में धुत गालियां दे रहा था। पुलिस के पहुंचते ही उसे पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला गिरोह पकड़ा गया

संवाददाता, गोसाईंगंज

- रियल एस्टेट फर्म की महिला निदेशक समेत दो गिरफ्तार
- जमीन हड़पने के लिए आरोपियों ने रची थी साजिश
- शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गेस्ट हाउस में बनाया था वीडियो
- वारदात में शामिल दो आरोपी फरार, घटना में प्रयुक्त कार बरामद




पुलिस की गिरफ्त में ब्लैकमेल करने के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जमीन हड़पने के लिए शराब में नशीला पदार्थ पिलाकर अधेड़ का अश्लील वीडियो बनाने वाले गिरोह का सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने ब्लैकमेल कांड की साजिश रचने वाली रियल एस्टेट कंपनी की महिला निदेशक और उसके पार्टनर को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त फॉच्यूनर कार बरामद की गई है, जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं और उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि 1 मई को गोसाईंगंज के मोहारीकलां निवासी रीता सैनी ने सुनील शुक्ला, राजू, आकांक्षा पांडेय, नरेंद्र कुमार व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि 28 अप्रैल को आरोपियों ने साजिश के तहत उनके पति हरिओम शिव वनमाली को जमीन दिखाने के बहाने बुलाया। इसके बाद सुनील, आकांक्षा, राजू और नरेंद्र उसे फॉच्यूनर कार में बैठाकर शराब के ठेके पर ले गए, जहां उसे शराब पिलाई गई और दिनभर घुमाया गया। शाम को शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया गया।

बेहोशी की हालत में आरोपियों ने हरिओम को सैनिक गेस्ट हाउस ले जाकर आकांक्षा के साथ अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद उसे वहीं छोड़ दिया गया। योजना थी कि अगले दिन वीडियो दिखाकर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर जमीन अपने नाम कराई जाएगी।

जांच के दौरान इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय की टीम ने सरयू अपार्टमेंट टॉवर-डी स्थित फ्लैट नंबर-301 में दबिश देकर आकांक्षा पांडेय और सुनील शुक्ला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों शुभ मंगलम इंफ्रा के नाम से जमीन का कारोबार करते हैं और हरिओम की जमीन खरीदना चाहते थे, लेकिन पत्नी के विरोध के बाद साजिश रची गई।

इंस्पेक्टर के मुताबिक, पीड़ित के घर न लौटने पर पत्नी ने खोजबीन की और जानकारी मिलने पर उसे गेस्ट हाउस से घर लाया। होश में आने पर पीड़ित ने पूरी घटना बताई, जिसके बाद मामला दर्ज कराया गया। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, कीं अश्लील हरकतें

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौक इलाके में मोहल्ले के युवक ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत की। वहीं गुडंबा में एक निजी स्कूल की शिक्षिका ने मोहल्ले के युवक पर परेशान करने और विरोध करने पर धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। चौपटिया निवासी 30 वर्षीय युवती के अनुसार वह मकान के पहले तल पर दीवार बनवाना चाहती थीं, जिसके लिए उन्होंने मोहल्ले के शिवबालक मौर्या को बुलाया था। 29 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे वह घर आया और युवती के साथ पहले तल पर गया। आरोप है कि मौका पाकर उसने छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत की। शोर मचाने की कोशिश पर आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने परिजनों को जानकारी देने के बाद अगले दिन चौक कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उधर, गुडंबा निवासी 40 वर्षीय शिक्षिका ने बताया कि पति की मौत के बाद वह दो बेटियों के साथ रहती हैं और निजी स्कूल में पढ़ाकर परिवार चलाती हैं। उनका आरोप है कि मोहल्ले के प्रफुल्ल तिवारी से पुरानी जान-पहचान थी, लेकिन दूरी बनाने के बाद से वह उन्हें परेशान करने लगा। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता की शिकायत पर गुडंबा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फर्जी फर्म बनाकर 9.64 करोड़ की कर चोरी, एफआईआर दर्ज

## गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने शुरू की जांच, मंगाए बैंक डिटेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य कर विभाग की जांच में हुआ कर चोरी का खुलासा

**अमृत विचार :** फर्जी फर्म का पंजीकरण कराकर जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है। राज्य कर विभाग की जांच में खुलासा हुआ कि रिद्धी इंटरप्राइजेज नाम की फर्म ने कागजी लेनदेन दिखाकर 53.58 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्शाया और 9.64 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेकर सरकार को चूना लगाया। इस मामले में फर्म के मालिक बसंत सिंह कुंवर के खिलाफ गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त अखिलेश गौड़ के अनुसार, फर्म ने वर्ष 2025-26 में करीब 25.92 करोड़ रुपये की इनवर्ड सप्लाई और 27.65 करोड़ रुपये की आउटवर्ड सप्लाई दिखाई। इसी आधार पर इनवर्ड पर 4.66 करोड़ और आउटवर्ड पर 4.97 करोड़ रुपये का आईटीसी क्लेम कर पासऑन किया गया। जांच में पाया गया कि जिन फर्मों से खरीद दिखाई गई, उनमें कई संदिग्ध और निलंबित थीं। अधिकारियों के मुताबिक, यह पूरा नेटवर्क कागजी कंपनियों के जरिए अवैध आईटीसी लाभ लेने के लिए तैयार किया गया था। 9 अक्टूबर 2025 को गोमतीनगर विस्तार स्थित सुलभ आवास के पते पर जांच की गई, जहां कोई फर्म संचालित नहीं मिली। आसपास के लोगों ने भी ऐसी किसी इकाई के अस्तित्व से इनकार किया।

जांच में यह भी सामने आया कि पंजीकरण के लिए अपलोड किए गए किरायानामा, बिजली बिल और बैंक दस्तावेज संदिग्ध हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बैंक डिटेल समेत अन्य साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### अंसल निदेशकों पर 10.13 लाख हड़पने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : हाईटेक आवासीय योजना के नाम पर फर्जीवाड़े के आरोपों में घिरे अंसल निदेशकों के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। नई दिल्ली के दो भाइयों ने करीब 10 .13 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि एग्रीमेंट के बाद भी प्लॉट का बैनामा नहीं कराया गया।सोनिया विहार, नई दिल्ली निवासी जुबैर अहमद के अनुसार, मार्च 2007 में उन्होंने और उनके भाई इजहार ने अंसल इंफ्रास्ट्रक्चर में प्लॉट बुक कराया था। दोनों ने तीन साल तक किस्तों में कुल 10,12,680 रुपये का भुगतान किया। करीब 90 प्रतिशत रकम देने के बाद जब उन्होंने रजिस्ट्री की बात की तो कंपनी की ओर से टालमटोल शुरू कर दी गई। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने कई बार दिल्ली से लखनऊ आकर संपर्क किया, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। बाद में रुपये वापस मांगने पर भी कंपनी ने आनाकानी की। इस पर पीड़ितों ने ब्याज सहित रकम वापसी के लिए पत्र भेजा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार जुबैर अहमद ने अंसल निदेशक प्रणव अंसल और सुशील अंसल के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### फर्जी दस्तावेज बना बेची सरकारी जमीन, चार पर एफआईआर

- पिता-पुत्र समेत आरोपियों ने बांदा के कारोबारी से की ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर थाने में चार लोगों के खिलाफ फर्जीवाड़ा कर सरकारी जमीन बेचने का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर बांदा के कारोबारी हीतेंद्र कृष्ण को भूखंड बेच दिया और कब्जा भी दिला दिया। बाद में प्रशासन के अतिक्रमण अभियान में निर्माण ध्वस्त होने पर धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पीड़ित हीतेंद्र कृष्ण, निवासी छाची तालाब बलखंडी नाका (बांदा), के अनुसार उन्होंने वर्ष 2016 में अमौसी क्षेत्र में शीतल से भूखंड खरीदा था। आरोप है कि शीतल, उसके बेटे सुरेश, गवाह संतोष कुमार रावत और सहयोगी आनंद यादव ने मिलकर फर्जी कागजात के आधार पर रजिस्ट्री कराई। बाद में कब्जा लेने पर उन्हें सरकारी जमीन पर बसा दिया गया, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। पीड़ित ने भूखंड पर चहारदीवारी भी कराई, लेकिन प्रशासन द्वारा जमीन चिह्नित कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में निर्माण गिरा दिया गया। इसके बाद उन्हें ठगी का पता चला। शिकायत करने पर आरोपियों ने पहले टालमटोल की, फिर कब्जा देने से मना कर दिया। पीड़ित का कहना है कि 2025 और 2026 में सुरेश ने कॉल कर आंशिक जमीन लेने की बात कही, जिस पर उन्होंने करीब 9 हजार वर्गफीट पर चहारदीवारी कर ली, जबकि 5 हजार वर्गफीट जमीन अभी बाकी है। दोबारा मांग करने पर आरोपियों ने इनकार कर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# डिवाइडर पर सो रहा शटरिंग कारीगर सड़क पर गिरा, बस से कुचलकर मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुडंबा स्थित बेहटा चौकी पुलिस के पास शुक्रवार देर रात डिवाइडर पर सो रहा शटरिंग कारीगर लुढ़ककर सड़क पर जा गिरा। इसी बीच वहां से निकली रोडवेज बस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

मूल रूप से बाराबंकी के कुर्सी जवरी खुर्द निवासी मंसूर अली (45) शटरिंग कारीगर था। बड़े भाई इब्राहीम ने बताया कि मंसूर शराब का लती था। वह घर नहीं आता था। काम कर बाहर ही खाता-पीता और सड़क पर ही सो जाता था। शुक्रवार देर रात मंसूर शराब पीकर बेहटा पुलिस चौकी के पास डिवाइडर पर सो रहा था। नींद में वह लुढ़ककर सड़क पर गिर गया। इस बीच रोडवेज बस मंसूर को रौंदते हुए निकल गई। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। डायल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। भीड़ में एक व्यक्ति ने बताया कि मृतक मंसूर अली है, जो कुर्सी के जवरी खुर्द का निवासी है। पुलिस ने जानकारी जुटाकर परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन बेहटा पुलिस चौकी पहुंचे। वहां बड़े भाई इब्राहीम ने मंसूर के शव की पहचान की। गुडंबा इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सरोजनीनगर इलाके में पत्नी की मौत के बाद दूसरी महिला के साथ रह रहे सोलर पैनल का काम करने वाले युवक की शुक्रवार देर रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। परिवारवालों ने महिला पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गेहरू गांव निवासी आनंद कुमार गौतम (36) सोलर पैनल का काम करता था। छोटे भाई आशू ने बताया कि आनंद की पत्नी सरला की दो साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। उनकी दो बेटियां हैं। पत्नी की मौत के बाद आनंद पड़ोस में रहने वाली एक महिला के साथ अलग तेलीबाग में किराए पर रहते थे। वे परिवार से कोई मतलब नहीं रखते थे। शुक्रवार रात महिला ने आशू को फोन कर जानकारी दी कि आनंद की तबीयत बिगड़ गई है। वे लोग उसे लोकबंधु अस्पताल ले गए थे। वहां से डॉक्टरों ने आनंद की हालत गंभीर बताते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन वे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने आनंद को मृत घोषित कर दिया। परिजन पहुंचे तो आनंद का शव मिला। घरवालों ने आनंद की हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर सरोजनीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा। परिजन ने एक महिला पर हत्या का आरोप लगाया है। अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पीने पर मां ने डांटा ई-रिक्शा चालक ने दी जान

**अमृत विचार, काकोरी/माल :** दुबग्गा फरीदीपुर निवासी मजदूर सलीम का इकलौता बेटा सलमान (25) ई-रिक्शा चलाता था। पिता के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था और समझाने के बावजूद नहीं मानता था। शुक्रवार रात वह नशे में घर आया तो मां जरीना ने डांट दिया। इसके बाद वह कमरे में चला गया। शनिवार सुबह जरीना कमरे में गईं तो सलमान का शव रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। उधर, माल थाना क्षेत्र के रनीपारा गांव निवासी रज्जन कश्यप का बेटा चंदन (20) शुक्रवार दोपहर से लापता था। शनिवार सुबह पीर नगर गांव में एक बाग में उसका शव गमछे के सहारे पेड़ से लटका मिला।

# शहर में बिना रजिस्ट्रेशन दौड़ रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आरटीओ कार्यालय में खड़ा सीज इलेक्ट्रिक ऑटो।

- डीलरों की मनमानी बिना नंबर प्लेट सड़कों पर उतर रहीं गाड़ियां

> अगर बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी वाहन सड़क पर दौड़ता मिलेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जो डीलर बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन दे रहे हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी।
>
> -प्रभात पाण्डेय आरटीओ प्रवर्तन

**अमृत विचार :** राजधानी में बिना रजिस्ट्रेशन के सैकड़ों वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है। वाहन डीलर अधिक बिक्री के लालच में नियमों को ताक पर रखकर ग्राहकों को बिना पंजीकरण के ही वाहन सौंप दे रहे हैं।

इनमें दोपहिया, चारपहिया और कमर्शियल वाहन शामिल हैं, जो खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। ऐसे वाहनों से दुर्घटना होने पर उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है, जिससे पीड़ित को न्याय मिलने में दिक्कत आती है और कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

परिवहन विभाग ने इस पर सख्ती शुरू कर दी है। शनिवार को एआरटीओ आलोक यादव ने बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे एक ऑटो को पकड़कर सीज किया। उन्होंने बताया कि शहर में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन हैं, जिनका अभी तक पंजीकरण नहीं हुआ है, फिर भी वे सड़कों पर चल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना रजिस्ट्रेशन वाहन देना और चलाना दोनों ही नियमों के खिलाफ है।

# बाल गिरने से परेशान मूकबधिर ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सलमान

- मड़ियांव के बेलीगारद इलाके की घटना
- शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार:** मड़ियांव इलाके में सिर के बाल गिरने से परेशान मूकबधिर युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बेली गारद मड़ियांव निवासी आबिद अली महाराणा प्रताप पार्क में माली हैं। उनका दूसरे नंबर का बेटा सलमान अली (22) मूकबधिर था। पिता ने बताया कि बेटा काफी लंबे समय से बीमार चल रहा था। जिसके चलते उसके सिर के बाल झड़ने लगे। इस वजह से वह काफी परेशान रहता था। यही नहीं उसने लोगों ने मिलना-जुलना भी काम कर दिया था। शुक्रवार रात सलमान कमरे में था। रात में मां खाना देने गई तो देखा कि सलमान कमरे के बाहर टीन शेड में रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। यह देखकर वह चीख पड़ी। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग दौड़े। पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि छानबीन में पता चला कि सलमान ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की है।

### बीमारी से परेशान युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार:** कृष्णानगर इलाके में बीमारी से परेशान युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह युवक का शव कमरे में लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। पता चला कि एक दिन पहले युवक को लोकबंधु अस्पताल से डिस्चार्ज करा कर घरवाले लाए थे। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

बाराबिरवा के संभर खेड़ा निवासी नीरज यादव (26) अपने परिवार का इकलौता था। मां ने बताया कि नीरज लंबे समय से बीमार चल रहा था। उसका इलाज चल रहा था। नीरज कई दिनों से लोकबंधु अस्पताल में भर्ती था। शुक्रवार को डॉक्टर ने नीरज को अस्पताल से छुट्टी दे दी थी। परिजन उसे घर ले आए थे। शुक्रवार रात मां-बेटे ने खाना खाया और कमरे में सोने चले गए। शनिवार सुबह जब मां उठी तो बेटे को फंदे से लटका देखकर वह चीख पड़ी।

शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े। पड़ोसियों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि नीरज ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

**सक्रियता** — सुसाइड नोट में मिले तीन लोगों के नाम, मोबाइल की जांच शुरू

# प्रॉपर्टी डीलर के खुदकुशी मामले में तीन की तलाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुर्सी रोड स्थित जनेश्वर इन्क्लेव की 11वीं मंजिल से कूदकर की थी खुदकुशी



**अमृत विचार:** कुर्सी रोड स्थित जनेश्वर इन्क्लेव की 11वीं मंजिल से कूदकर प्रॉपर्टी डीलर प्रबल जैन ने खुदकुशी कर ली थी। उन्होंने यह आत्मघाती कदम आईपीएल सट्टे में लाखों रुपये हारने के बाद उठाया। इस मामले में पुलिस के हाथ सुसाइड नोट व प्रबल का मोबाइल लगा है। पुलिस के मुताबिक सुसाइड नोट में तीन लोगों के नाम लिखे हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। ताकि उनसे पूछताछ किया जा सके। हालांकि परिजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है।

एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि प्रबल जैन सीतापुर के महमूदाबाद कस्बे के निवासी थे। वह दो साल से परिवार के साथ जनेश्वर एन्क्लेव अपार्टमेंट में रहते थे। पत्नी शिवानी फिनिक्स पलासियो मॉल में फ्लोर मैनेजर पद पर हैं। दोनों ने एक वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने बताया कि प्रबल सट्टा खेलते थे । वह सट्टे में लाखों रुपये हार चुके थे। करीब दो माह पहले घर पर पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई थी। जब पत्नी ने दबाव बनाया तो प्रबल ने सट्टा खेलने की जानकारी दी। उसने बताया कि वह करीब एक साल से सट्टा खेल रहा है। सट्टेबाजों के चंगुल से बाहर नहीं निकल पा रहा है। वह सट्टे में काफी रकम हार चुका है। उसे लोगों को रुपये भी देना है। सट्टेबाज रोज तगदा करते है। इसके चलते वह काफी परेशान है। गुरुवार रात प्रबल घर पर अकेले थे। उन्होंने फ्लैट अंदर से अपने आपको बंद करके अपार्टमेंट के 11वीं मंजिल से छलांग लगा दी।

### चार पन्ने का मिला सुसाइड नोट, जांच शुरू

पुलिस के मुताबिक प्रबल के फ्लैट के अंदर एक टेबल पर चार पन्नो सुसाइड नोट मिला था। उसमें लिखा था कि वह सट्टे के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। सट्टे में काफी रुपये हार चुके हैं। वह इस लत से छुटकारा पाना चाहते थे पर छोड़ नहीं पा रहे हैं। पत्नी अथवा किसी का कोई दोष नहीं है। वह अपनी मौत के खुद जिम्मेदार हैं। सॉरी शिवानी... । एसीपी गाजीपुर के मुताबिक प्रबल जैन ने जो सुसाइड नोट लिखा है उसमें तीन लोगों के नाम है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। प्रबल कौना सा सट्टा खेलकर इनती रकम हारा है। उसकी जांच की जा रही है।

# नशीला पेय पिलाकर अधिवक्ता से दुष्कर्म, बनाया अश्लील वीडियो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विरोध पर बदनाम करने की धमकी, चिनहट में मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** महिला अधिवक्ता से सहकर्मी ने दोस्ती कर काम के बहाने घर बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी ने दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर लगातार यौन शोषण करता रहा। विरोध करने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

इंदिरानगर निवासी पीड़िता के अनुसार, करीब डेढ़ साल पहले न्यायालय में उसकी मुलाकात नवीन कुमार यादव, निवासी गढ़वा (झारखंड) से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने विश्वास में लेकर उसे अपने कमता, चिनहट स्थित घर बुलाया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और बेहोशी की हालत में दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया।

होश में आने पर विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा दिया और बाद में वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करते हुए यौन शोषण करता रहा। धमकी के कारण पीड़िता चुप रही, लेकिन घरवालों को जानकारी होने पर उन्होंने आरोपी को समझाने की कोशिश की। इसके बावजूद आरोपी की हरकतें नहीं रुकीं।

आखिरकार पीड़िता ने चिनहट कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### मुरली कृष्ण महाराज का प्रवचन आज



**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के अलीगंज स्थित नया हनुमान मंदिर में रविवार को शाम चार बजे से मुरली कृष्ण स्वामी महाराज के प्रवचन होंगे। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन समिति की ओर से किया जाएगा। मुरली कृष्ण स्वामी महाराज, अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ की गौरवशाली परंपरा से जुड़े एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं। वे श्रील प्रभुपाद के सिद्धांतों से प्रेरित होकर तथा श्री श्रीमद् गौर गोविंद स्वामी महाराज के शिष्य रूप में, विश्वभर में सनातन धर्म और श्रीकृष्ण भक्ति का प्रकाश फैला रहे हैं। उनके प्रवचन सरल, प्रभावशाली और जीवन को दिशा देने वाले होते हैं।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा के पंजीकरण 19 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 19 मई 2026 तक होगा। कैलाश मानसरोवर सेवा समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष केके सिंह और महासचिव डॉ. आरएस भदौरिया ने बताया कि इच्छुक श्रद्धालु भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट https://kmy.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी के अनुसार पंजीकरण के लिए आवेदक को ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, ब्लड ग्रुप, पासपोर्ट साइज फोटो, परिवार के दो सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर तथा पासपोर्ट के प्रथम और अंतिम पृष्ठ की स्पष्ट कॉपी अपलोड करनी होगी। यात्रा से संबंधित नि:शुल्क जानकारी व सहायता के लिए मो. नं. 9415004482, 9454412050, 9838753938, 9451307249 मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने के बाद उसकी कॉपी संबंधित नंबरों पर भेजने का अनुरोध किया गया है।

### आकांक्षा थियेटर आर्ट्स का नाट्य महोत्सव 25 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्ट्स भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से तीन द्विवसीय नाट्य महोत्सव का आयोजन 25 मई से गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया जाएगा। आकांक्षा थियेटर आर्ट्स के संस्थापक प्रभात कुमार बोस ने बताया कि 26 को नगर की सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था श्रद्धा मानव कल्याण समिति की ओर से नाट्यकृति द सलेक्शन का मंचन किया जाएगा। ये नाटक भी 60 द्विवसीय कार्यशाला में तैयार की गई है। कार्यशाला का निर्देशन प्रभात कुमार बोस द्वारा किया जा रहा है। इस नाटक का निर्देशन तुषार वाजपेई शुभम् कर रहे हैं। 27 मई को महोत्सव के तीसरे व अंतिम दिन संस्था कन्सर्ट थियेटर लखनऊ द्वारा 60 द्विवसीय कार्यशाला में तैयार नाटक छोड़ो कल की बातें का मंचन किया जाएगा। कार्यशाला का निर्देशन प्रभात कुमार बोस कर रहे हैं। नाट्य रचनाकार जेपी सिंह जयवर्धन हैं।

### स्वास्थ्य और जीवनशैली के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** हॉलिस्टिक हेल्थकेयर संगठन एवं रूबरू एक्सप्रेस सामाजिक सेवार्थ संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जानकीपुरम के एक पार्क में बच्चों के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन की अध्यक्ष डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बच्चों को सही खान-पान, नियमित दिनचर्या और स्वस्थ आदतों को अपनाने के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पौष्टिक आहार को अच्छे स्वास्थ्य की नींव बताते हुए इसके नियमित सेवन पर विशेष जोर दिया। बच्चों को नि:शुल्क होम्योपैथिक दवाओं का वितरण भी किया गया, जिससे उपस्थित अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने सराहना व्यक्त की।

# नगर निगम को बताएं फिर भंडारा कराएं

## नगर आयुक्त ने आयोजकों से की 24 घंटे पहले टोल फ्री नंबर पर सूचना देने की अपील

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जेष्ठ के मंगलवार पर होने वाले भंडारों की सूचना आयोजक नगर निगम को टोल फ्री नंबर '1533' पर 24 घंटे पहले अवश्य दे दें। 'जीरो वेस्ट बड़ा मंगल भंडारा' मनाएं। ये अपील नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भंडारा आयोजकों से की है।

नगर आयुक्त ने कहा कि लखनऊ में ज्येष्ठ के मंगलवार को भंडारा आयोजन की परंपरा 400 वर्षों से अधिक पुरानी है। आस्था से युक्त इस परंपरा को आगे बढ़ाने में प्लास्टिक और थर्माकोल के उपयोग से बचें। भंडारों में पत्तलों और मिट्टी के कुल्हड़ों का प्रयोग करें, जिससे साथ प्रकृति का संरक्षण हो सके। नगर आयुक्त ने कहा कि आयोजक भंडारा स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सूखे और गीले कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन लगाएं। कोई भी श्रद्धालु भोजन के बाद कूड़ा इधर-उधर न फेंके। उन्होंने कहा कि भंडारा स्थलों पर बड़े-बड़े पोस्टर लगाकर जागरूकता का संदेश लिखा जाए। "हनुमान जी की सच्ची भक्ति स्वच्छता में है" और "उतना ही लें थाली में, जो न जाए नाली में" जैसे संदेश लोगों को प्रेरित करेंगे और भोजन की बर्बादी को भी रोकेंगे।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि भंडारे की सूचना लखनऊ वन ऐप के स्वच्छ जीरो वेस्ट ऑप्शन में जाकर न्यू रिक्वेस्ट पर क्लिक करके भी दी जा सकती है। नगर निगम सफाई और कचरा प्रबंधन में सहयोग करेगा। जलकल विभाग द्वारा भंडार स्थल पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।




गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में मंगलमान अभियान की शुरुआत के मौके पर संयुक्ता भाटिया और अन्य लोग।

### स्वच्छता का संदेश देने वाले पोस्टर लगाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में शनिवार को मंगलमान अभियान की इस वर्ष की श्रंखला की शुरुआत की गई। इसमें पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल को क्षेत्र बांटकर वहा की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व महापौर सिंगार नगर मेट्रो स्टेशन से लेकर आलमबाग मेट्रो स्टेशन के मध्य पड़ने वाले भंडारों को आदर्श भंडारा स्थल बनाने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर हनुमत ई - भंडारा एवं बर्तन बैंक का लोकार्पण भी किया गया। समिति ने सुझाव दिया कि भंडारा स्थलों पर बड़े-बड़े पोस्टर लगाए जाएं, जिनमें स्वच्छता और जिम्मेदारी का संदेश हो। हनुमान जी की सच्ची भक्ति स्वच्छता में है और उतना ही लें थाली में, जो न जाए नाली में जैसे संदेश लोगों को प्रेरित करेंगे और भोजन की बर्बादी को भी रोकेंगे। संयोजक राम कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह संयोजक पर्यावरण गतिविधि राकेश जैन, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, आईएएस अनीता भटनागर जैन, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, पूर्व डी ज़ी पी राजेश पाण्डेय, ए डी एम श्री एम पी सिंह, जीतेन्द्र दुबे, एडीसीपी, अरविन्द राव अपर नगर आयुक्त- लखनऊ नगर निगम, प्रशांत भाटिया मौजूद।

### हेल्पलाइन नंबर

**टोल-फ्री नंबर**
1533

**मोबाइल नंबर**
9219902911, 9219902912
9219902913, 9219902914


**जलकल कंट्रोल रूम**
8177054100, 8177054010, 8177054003

**एलएसए**
(जोन 1, 3, 4, 6, 7)
18001234999

**लायन एनवायरो**
(जोन 2, 5, 8):
18002026172

# बक्सर युद्ध के बाद अवध तक सीमित हो गए शुजाउद्दौला

**अवध आख्यान**



अनेहस शाश्वत

जैसा मैने बताया था अवध के तीसरे नवाब शुजाउद्दौला मुग़लों के कमजोर होने के बाद सत्ता के लिए हो रहे संघर्ष मे प्रमुख प्रतिद्वंदी थे और एक के बाद एक लड़ाई जीत रहे थे इसलिए सबकी आखों मे खटक रहे थे। मराठो और अंग्रेज़ों की आँखों मे तो खास तौर से। मराठो का कांटा तो पानीपत की तीसरी लड़ाई मे खुद ही निकल गया लेकिन बक्सर की सन 1764 में हुई लड़ाई मे पराजय होने के बाद अंग्रेज़ों को शुजाउद्दौला को घेरने का मौका मिल गया। क्योंकि लड़ाई नवाब ने ही शुरू की थी, इसलिए पराजय होने पर एक तो नवाब को पचास लाख रूपए हर्जाने के तौर पर अंग्रेज़ों को देने पड़े दूसरे अवध पर निगरानी रखने के लिए एक रेजिडेंट की नियुक्ति अंग्रेज़ों ने की। लखनऊ मे रेजीडेंसी के खंडहर आज जहाँ हैं वहीं रेजिडेंट का निवास हुआ करता था। बक्सर की पराजय और अंग्रेज़ों से सन्धि के बाद शुजाउद्दौला की ज़िंदगी मे बंगश नवाब की सलाह से एक नया मोड आया, जिसकी वजह से अवध ने शांति और सम्पन्नता का लम्बा दौर तो देखा ही साथ ही उस खास कल्चर की भी शुरुआत हुई जिसके लिए अवध आज तक प्रसिद्ध है।

बक्सर की लड़ाई मे नवाब अवध की हार की कई वजह रही उनमे से एक यह भी थी की मुग़ल सेना और बंगाल की सेना आई तो लेकिन उनके सेनापतियों ने लड़ाई मे दिलचस्पी नहीं ली। ऐसे राजनैतिक विद्वेष उस दौर मे बहुत हुआ करते थे। बहरहाल बक्सर के युद्ध से लौटने के बाद शुजाउद्दौला अपने हितैषी बंगश नवाब से मिले। बूढ़े नवाब ने दुनिया देख रखी थी जबकि शुजाउद्दौला जवान, जोशीले और अनुभवहीन थे और इसी वजह से बक्सर की लड़ाई मे गच्चा भी खा चुके थे। बंगश नवाब ने शुजाउद्दौला को समझाया कि वे दिल्ली के सत्ता संघर्ष मे पड़ने के बजाय अवध पर ध्यान दे जो एक बड़ा और ज़रखेज़ इलाका है। बंगश नवाब ने ये भी कहा चाहे मुग़ल बादशाह हो या बाकी राजा या नवाब, इनमे से ज्यादातर एतबार के काबिल नहीं हैं और ज़रूरी हुआ तो शुजाउद्दौला को धोखा देते उन्हें देर नहीं लगेगी। अवध के नवाब को ये बात समझ मे आई और अपने अनुभव से भी उन्हें लगा कि पहले अवध को शक्तिशाली बनाया जाये, दिल्ली के सत्ता संघर्ष मे तो बाद मे भी दखल दिया जा सकता है। बस इसी सोच के साथ अवध का भाग्य बदलना शुरू हो गया और फ़ैज़ाबाद से उस खास अवध कल्चर की बुनियाद पडी जिसकी वजह से लखनऊ और आस पास के ज़िले जाने जाते हैं।

इस सोच के बाद ही शुजाउद्दौला ने अवध को नये सिरे से संवारना शुरू किया। उसी समय अयोध्या के पास उन्होंने फ़ैज़ाबाद नाम् से नई राजधानी बनाई और उसे दिल्ली की तर्ज़ पर शानदार आकार देना शुरू किया। दिल्ली उस समय तक काफी उजड़ने लगी थी इसलिए वहां से बड़ी संख्या मे लोगों ने फ़ैज़ाबाद का रुख किया, कुछ ही समय मे बड़े कारोबारी और दूसरे तमाम गुणवंत लोग आकर फ़ैज़ाबाद मे बसने लगे। इसके अलावा नई राजधानी होने के नाते अवध के तम्माम जागीरदार भी आकर फ़ैज़ाबाद मे बसे। जल्दी ही फ़ैज़ाबाद एक विशाल और सुंदर नगर के रूप मे दुनिया भर मे प्रसिद्धि पाने लगा, जहाँ उन्नति के खासे अवसर थे। शुजाउद्दौला ने मुग़लों की तर्ज़ पर भव्य दरवाज़ों से घिरा एक आकर्षक शहर बसा दिया। साथ ही अवध का नये सिरे से बंदोबस्त भी किया जिससे राज्य की आमदनी मे भी खासा इजाफा हुआ। शुजाउद्दौला से पहले जो दो नवाब हुए उनका एक पैर अवध मे तों दूसरा दिल्ली मे रहता था। शुजाउद्दौला काफी समय बाद पहले नवाब हुए जो लगातार अवध मे रहे और यहाँ की शासन् व्यवस्था पर



ध्यान दिया। उस समय के जो विवरण मिलते हैं, उसमे बताया गया है कि नये बस रहे फ़ैज़ाबाद के निर्माण को देखने अक्सर खुद नवाब शुजाउद्दौला निकलते थे और जहाँ जो भी कमी निकलती थी उसे अपने सामने दुरुस्त कराते थे। मुग़लों की तर्ज़ पर शहर मे कई आकर्षक बाग़ भी नवाब ने लगवाएं। उन्हीं मे से एक बाग गुलाब बाड़ी मे नवाब का भव्य मकबरा बना है जिसमे मृत्यु के बाद नवाब को दफना दिया गया। फ़ैज़ाबाद मे लोग आज भी उस आकर्षक बाग और मकबरे को देखने जाते हैं। नवाब के मकबरे से भी ज्यादा भव्य और आकर्षक मकबरा उनकी पत्नी बहू बेगम का है वो भी फ़ैज़ाबाद के आकर्षण का एक और केंद्र है। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे सुंदर नगर का सितारा जल्दी ही डूबने लगा क्योंकि शुजाउद्दौला के बाद नवाब बने उनके पुत्र आसफुद्दौला ने कई कारणों से फ़ैज़ाबाद के बजाय लखनऊ को अवध की नई राजधानी बनाया। यहीं से लखनऊ का सितारा फिर से बुलंद होना शुरु हुआ। आज जिस लखनऊ को हम लोग देखते हैं वो नवाब आसफुद्दौला की देन है। सन 1775 के आस पास ये घटना घटी, तब् से लेकर नवाबी शासन के अंत यानी सन 1856 तक नवाबों ने लगातार लखनऊ को भव्य और आकर्षक बनाया। इस आकर्षक नगर को भी बुरी नज़र लगी और सन 1857_58 की लड़ाई मे लखनऊ का बड़ा हिस्सा न सिर्फ खंडहर हो गया वरन बहुत सी सुंदर इमारतों का वजूद ही मिट गया।



वरिष्ठ सफाई कर्मचारियों को कॉमरेट रत्न से सम्मानित करते राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, साथ में अन्य। अमृत विचार

# कर्मचारी नेता कॉमरेट रत्न से सम्मानित

- राज्यसभा सांसद ने कहा सफाईकर्मियों की समस्याओं का मुख्यमंत्री से कराएंगे निराकरण
- मजदूर दिवस पर नगर निगम सफाई कर्मचारी संयुक्त मंच ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में लखनऊ नगर निगम सफाई कर्मचारी संयुक्त मंच की ओर से मजदूर दिवस पर शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ सफाई कर्मचारी नेताओं को कॉमरेट रत्न से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने मरणोपरांत अच्छेलाल वाल्मीकि, पूर्व सांसद छंगालाल धानुक, बक्शूलाल वाल्मीकि, रज्जन लाल धानुक, ननकऊ लाल हरदोही, एनआर वाल्मीकि, देवी प्रसाद वाल्मीकि, श्यामलाल पुजारी, चौधरी निवर्ती प्रसाद, रामशंकर वाल्मीकि और संजय वाल्मीकि के परिवार को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सुरेश चन्द्र धानुक, मुन्ना सिंह धानुक, कौशल कुमार वाल्मीकि, रमेश चन्द्रा धानुक, माया धानुक को अपने हाथों से कॉमरेट रत्न से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि संयुक्त मंच की समस्याओं को मुख्यमंत्री के साथ बैठक करके निराकरण कराएंगे। विशिष अतिथि दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लखनऊ सांसद और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से समन्वय स्थापित करके निस्तारण कराएंगे।

कार्यक्रम को लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जीएन शुक्ला चच्चू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संयुक्त मंच के सह संयोजक महेन्द्र प्रताप सिंह और सनी धानुक, नगर आयुक्त के प्रतिनिधि डॉ.अरविंद कुमार राव, पार्षद राजेश सिंह गब्बर, प्रमोद सिंह राजन, संदीप शर्मा, शैलेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रद्धा भाव से मनाया रामकृष्ण मिशन का स्थापना दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामकृष्ण मिशन का 128वां स्थापना दिवस निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी इष्टकृपानंद के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम लखनऊ के प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. सुलेमान अम्मार रिजवी ने उपस्थित सन्यासियों, भक्तों एवं अतिथियों का स्वागत किया। स्वामी रमाधीशानन्द ने मिशन के इतिहास एवं स्वामी विवेकानन्द के विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. हीरा सिंह ने कहा कि रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम निरंतर गरीबों, वंचितों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा कर रहा है तथा शिक्षा एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए विविध कार्यक्रम संचालित कर रहा है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने कहा कि रामकृष्ण मिशन एक अद्वितीय एवं जीवंत संगठन है, जहां सन्यासी और गृहस्थ भक्त मिलकर आध्यात्मिक साधना तथा मानव सेवा के महान आदर्श को साकार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मिशन केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक व्यापक आध्यात्मिक आंदोलन है, जो शिव ज्ञाने जीव सेवा के सिद्धांत पर आधारित है।

# सऊदी अरब के अजीजिया में बदइंतजामी से हज यात्री परेशान: अनीस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सऊदी अरब के अजीजिया क्षेत्र में भारतीय हज यात्रियों के लिए बदइंतजामी पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि मक्का के होटलों, विशेषकर आसफ अल कुरैशी होटल के एक-एक कमरे में 8 से 16 हाजियों को रखा गया है। 16 लोगों पर मात्र एक वॉशरूम है। गंदगी और गंदा पानी कमरों तक आ रहा है। लिफ्ट खराब होने और बुनियादी सफाई न होने से बुजुर्ग जायरीन बेहाल हैं।

उन्होंने बताया कि वहां परिवारों को भी अलग कर दिया गया है, जिससे जायरीन परेशान हैं। मंसूरी ने कहा कि लगभग 4 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि वसूलने के बावजूद उन्हें ऐसी बदतर स्थिति में ढकेलना पूरी तरह संगठित लूट है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को लखनऊ के मौलाना अली मियां नदवी स्मारक हज हाउस से जब आज़मीने हज को भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया गया था, वह तभी समझ गए थे कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत हज कमेटी ऑफ इंडिया और यूपी हज कमेटी संगठित रूप से हाजियों के लिए परेशानियां पैदा करेगी। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि यह सब एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी होटल व एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## हज की अंतिम दो उड़ानों से 824 यात्री रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** हज-2026 के लिए लखनऊ से शनिवार को दो विमानों से 824 यात्री मदीना रवाना हुए। सुबह 3:25 बजे पहले विमान से 398 हज यात्री रवाना हुए। इसमें 212 पुरुष व 186 महिलाएं शामिल रहीं। 94 यात्री लखनऊ, 58 वाराणसी, 49 मऊ, 32 गोरखपुर, 25 सीतापुर के शामिल रहे।

13वीं उड़ान से 3 स्टेट हज इंस्पेक्टर फैज़ी फरहान, परवेज़ (लखनऊ) व मोहम्मद ताहिर (प्रयागराज) भी गए हैं। 14वां विमान रात 10:05 बजे 228 पुरुष व 198 महिला हज यात्रियों को लेकर उड़ा। इसमें 112 यात्री वाराणसी, 45 बरेली, 23 कानपुर नगर, 22 लखनऊ, 21 गोरखपुर और 20 प्रयागराज के शामिल हैं।

इस उड़ान से 3 हज यात्री दिल्ली, 2 छत्तीसगढ़ व 2 बिहार के भी रवाना हुए। इस उड़ान से हज यात्रियों की सुविधा के लिए तीन स्टेट हज इंस्पेक्टर आसिफ उमर (बरेली), फैज़ मोहम्मद (बहराइच) व मतलूब हसन (खीरी) के रवाना हुए। उत्तर प्रदेश के दिल्ली उड़ान स्थल से शनिवार को सऊदी एयरलाइंस की दो उड़ानों से केवल 147 हज यात्री मदीना रवाना हुए।

## सिटी डायरी



धरने पर बैठे नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

### स्टाफ पार्किंग में फैकल्टी आरक्षण के विरोध में दिया धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन ने शनिवार को एसजीपीजीआई में इएमआरसीटी की स्टाफ पार्किंग में फैकल्टी के लिए आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन किया। एनएसए का कहना था कि स्टाफ पार्किंग सभी कर्मचारियों के लिए समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। धरने के दौरान चिकित्सा अधीक्षक एवं नोडल सिक्योरिटी अधिकारी डॉ. डीके पांडेय मौके पर पहुंचे और जल्द ही पार्किंग आरक्षण समाप्त करने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। फिलहाल इएमआरसीटी स्टाफ पार्किंग से फैकल्टी आरक्षण हटा दिया गया है। धरने में एनएसए की अध्यक्ष लता सचान, महामंत्री विवेक सागर, उपाध्यक्ष सुजान सिंह व राजकुमार, संयुक्त मंत्री मनोज कुमार व अश्विनी कुमार, प्रचार मंत्री भानु प्रताप सिंह सहित मंजू लता राव, वीरेंद्र कुमार, शुक्लेश कुमारी और बड़ी संख्या में वरिष्ठ व कनिष्ठ नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बाल निकुंज के प्रबंधक एचएन जायसवाल व दिनेश कुमार।

### हाजमोला की मस्ती की पाठशाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** डाबर इंडिया लिमिटेड ने हाजमोला मस्ती की पाठशाला अभियान के तहत बाल निकुंज इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य बच्चों को शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना है। कार्यक्रम में फन गेम्स और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के सत्र हुए, जिसमें डॉ. आर.सी. उप्रेती ने फिटनेस और मानसिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। अभियान उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के 550 स्कूलों में चलाया जाएगा, जिससे 2.5 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे। डाबर इंडिया लिमिटेड कारपोरेट कम्युनिकेशन मैनेजर दिनेश कुमार, बाल निकुंज स्कूल के प्रबंधक एचएन जायसवाल, प्रधानाचार्या भगवती भंडारी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे।



काला बैज लगाकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी

### बैंककर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने और पीएलआई योजना के विरोध में बैंककर्मियों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्केल-चार और उससे ऊपर के अधिकारियों तथा शीर्ष प्रबंधन के लिए मनमाने तरीके से पीएलआई लागू करने का निर्देश दिया गया है, जो पूर्व समझौतों के विपरीत है। बैंककर्मियों ने काला बैज लगाकर कार्य किया और भोजनावकाश में प्रदर्शन किया। डीके सिंह, लक्ष्मण सिंह, ललित श्रीवास्तव, मनमोहन दास, वीके माथुर, संदीप सिंह, विभाकर कुशवाहा, बीडी पांडेय, विशाखा वर्मा शामिल रहे।



कला स्रोत आर्ट गैलरी में लगी प्रदर्शनी में कृति देखतीं पद्मश्री मालनी आवस्थी।

### प्रदर्शनी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में शनिवार को शहर की कलाकार फरजाना शहाब की कला प्रदर्शनी मिट्टी से मेहराब शुरू हुई। इसमें उनकी 50 कृतियों को प्रदर्शित किया गया है। कला स्रोत आर्ट गैलरी की निदेशक मानसी डिडवानिया ने कहा कि प्रदर्शनी कला और दर्शकों के बीच की खाई को पाटने में मददगार होगी। समकालीन कला पद्धतियों को बढ़ावा देने और कला को फलने-फूलने का वातावरण बनाने में हम लगे हैं।

**कार्यशाला** | नेशनल कॉन्क्लेव ऑन एनीमिया रिडक्शन विषय पर स्मारिका का विमोचन हुआ

# एनीमिया के खिलाफ छेड़ना होगा जन अभियान : ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** खून की कमी (एनीमिया) को गंभीर स्वास्थ्य समस्या बताते हुए कहा कि शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर घटने से थकान, कमजोरी, चक्कर, सांस फूलना और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। समय पर पहचान और उपचार न मिलने पर ये बीमारी गंभीर रूप ले सकती है।

ये बात उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को एनीमिया निवारण पर आयोजित कार्यशाला में कही। इस अवसर पर 'नेशनल कॉन्क्लेव ऑन एनीमिया रिडक्शन' विषयक स्मारिका का विमोचन भी किया गया। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के शताब्दी भवन में आयोजित कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एनीमिया शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है, इसलिए इससे निपटना बेहद जरूरी है। एनीमिया के खिलाफ व्यापक स्तर पर जन अभियान चलाने की जरूरत है। यह केवल स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने का साझा मिशन है। डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर जैसे उपकरणों का उपयोग गांव-गांव तक बढ़ाया गया है। प्रदेश में 10 हजार से अधिक डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को एनीमिया के प्रभावी इलाज के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है। आशा और एएनएम को और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में परिवार कल्याण के महानिदेशक डॉ. हरिदास अग्रवाल, प्रशिक्षण महानिदेशक डॉ. रंजना खरे, डॉ. अंजू अग्रवाल, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. शुचि अग्रवाल, गेट्स फाउंडेशन से डॉ. गुंजन तनेजा, डॉ. शैलेंद्र हेगड़े उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य।

### संतुलित आहार और जागरूकता जरूरी

केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि एनीमिया से बचाव के लिए संतुलित आहार और समय पर इलाज अत्यंत आवश्यक है। आयरन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे हरी सब्जियां, दालें, गुड़, चुकंदर और अनार का सेवन करना चाहिए। साथ ही विटामिन-सी युक्त फल जैसे संतरा और आंवला आयरन के अवशोषण में सहायक होते हैं। उन्होंने सलाह दी कि भोजन के तुरंत बाद चाय या कॉफी से बचना चाहिए और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह से आयरन की दवाएं लेनी चाहिए।

## सिटी ब्रीफ



सार्थक मिश्रा अपने पिता के साथ।

### सार्थक ने ह्यूमैनिटीज में रचा इतिहास

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईएससी बोर्ड के घोषित हुए परिणाम में एम आर जयपुरिया स्कूल गोमती नगर ब्रांच के छात्र सार्थक मिश्रा ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक (एआईआर- 3 ) हासिल की है। ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में सार्थक ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की। सार्थक की इस सफलता में उनके पिता शिखर चंद्र मिश्रा का योगदान रहा। सार्थक ने इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और फिजिकल एजुकेशन में 100 में 100 अंक और इंग्लिश में 100 में 97 अंक प्राप्त किया।

### शिक्षकों का डीआईओएस कार्यालय पर प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, समान कार्य के लिए समान वेतन और अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की मांग उठाई। इस दौरान शिक्षकों ने नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### अंकुर व अन्वी ने जीता खिताब


**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित रॉयल स्पोर्ट्स गंज (आरएसजी) स्टेडियम में आयोजित प्रथम लॉन टेनिस ओपन टूर्नामेंट में अंकुर कपूर ने पुरुष एकल का खिताब पर कब्जा जमाने में कामयाब रहे। फाइनल मुकाबले में अंकुर ने आशीष सिंह मोगा को 6-1, 6-2 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं जूनियर वर्ग में अन्वी भाटिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शाश्वत गुप्ता को 4-0, 4-1 से हराकर एकल खिताब जीता। जूनियर युगल के रोमांचक फाइनल में प्रखर मिश्रा और शाश्वत गुप्ता की जोड़ी ने प्रत्युष भट्ट और आरव सिन्हा को 6-3, 6-2 से पराजित कर चैंपियनशिप जीती। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# अभिउदय पहुंचे क्वालीफाइंग के अगले दौर में

## आईटीएफ जूनियर जे-30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट : चीन के कैन लावानी ने भी बनाई दूसरे दौर में जगह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में शुरू हुए आईटीएफ जूनियर जे-30 टेनिस टूर्नामेंट में बालक वर्ग के क्वालीफाइंग मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के अभिउदय सिंह और चीन के कैन लावानी सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। अभिउदय सिंह ने पहले दौर में हारिस खान को 6-3, 6-2 से हराया। मैच के दौरान उनका फुटवर्क और सर्विस गेम बेहद प्रभावी रहा, जिससे प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं मिला। वहीं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कैन लावानी ने भारत के रोहिन राज गुप्ता को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-2 से मात दी। लावानी ने दमदार स्ट्रोक्स के साथ रोहिन की सर्विस तीन बार ब्रेक की। अन्य मुकाबलों में भारत के अथर्व शुक्ला ने कड़े संघर्ष में मोहम्मद शीज को 4-6, 6-2, 10-6 से हराया। कुशाग्र भारद्वाज ने भी शानदार वापसी करते हुए निथिनबराथ केएस को 2-6, 6-1, 10-5 से पराजित किया। निकुंज खुराना ने नभित शर्मा को 6-0, 6-0 से, पार्थिव नल्लागुंडला ने ध्रुव प्रमोद को 6-0, 6-1 से और वीरेन सूर्यवंशी ने अमन सिंह को 6-0, 6-1 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इसके अलावा श्रेयंत महंतेशा, रौनक गिलरा, माधव दाधीच, अथर्व श्रीरामोजु और हर्ष मारवाहा ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे बढ़त बनाई। आयोजन सचिव समित केसरी के अनुसार, रविवार को क्वालीफाइंग के अंतिम दौर के मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद 4 से 9 मई तक मुख्य ड्रॉ के मुकाबले आयोजित होंगे।




क्वालीफाइंग मुकाबलों के दौरान कुशाग्र भारद्वाज। अमृत विचार



मुकाबले दौरान शॉट लगाते पार्थिव नल्लागुंडला। अमृत विचार

### महिला वर्ग के परिणाम

- बालिका वर्ग के क्वालीफाइंग मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया की तृषा जानी ने भारत की सानवी रविकांत राजू को 6-3, 6-4 से हराया। शाजफा वानिया ने पाखी बिष्ट को 6-0, 6-0 से हराया। मोदी हेमाक्षी मयूर ने अहाना को 4-6, 7-5, 10-6 से पराजित किया। इसके अलावा लेख्या श्री नुन्नबोइना ने प्रीतिका राणा को 6-1, 7-5 से और सारा हुडा ने अमेरिका की अनाया सेन को 6-3, 7-5 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# सीए कार्यालय में भीषण आग दमकलकर्मियों ने पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आग से दोनों कमरों में रखा सारा सामान जलकर नष्ट
- दमकलकर्मियों की सक्रियता से टला बड़ा हादसा

**अमृत विचार:** शाहनजफ रोड स्थित लाप्लास बिल्डिंग में सीए के कार्यालय में शनिवार सुबह आग लग गयी। कुछ ही देर में आग दो कमरों में फैल गयी। आग की लपटें और धुआं देख स्थानीय लोगों ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही हजरतगंज से पहुंची दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से दोनों कमरों में रखा फर्नीचर समेत सारा सामान जलकर बर्बाद हो गया।

सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि सुबह करीब 11:08 बजे लाप्लास के ए-1 स्थित सीए कार्यालय में आग लगने की सूचना मिली। जानकारी पर हजरतगंज पुलिस और एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत दो गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे। देखा तो तेज लपटें निकल रही है और अंदर धुआं भरा हुआ है। दमकल कर्मियों ने तत्काल दो होज पाइप बिछाकर पानी की बौछार शुरू की और आग को फैलने से रोकते हुए पूरी तरह बुझा दिया।

जांच में सामने आया कि आग विद्युत शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। जिस कार्यालय में आग लगी, वह सीए का कार्यालय था। जिसे मोहम्मद फरहान निवासी गढ़ी कनौरा आलमबाग संचालित कर रहे थे। आग से दोनों कमरों में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। बताया जा रहा है कि समय रहते आग की सूचना देकर बुझा लिया गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया।



आग बुझाता दमकलकर्मी।

# नशे में धुत बाइक सवार ने कार में मारी टक्कर, चाकू लेकर दौड़ाया

संवाददाता गोसाईगंज

- ओमैक्स आर-1 मार्केट में बुधवार को हुई घटना, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ के ओमैक्स आर-1 मार्केट में बुधवार दोपहर नशे में धुत बाइक सवार ने कार में टक्कर मारी। इसके बाद कार सवार युवक पर चाकू लेकर दौड़ा लिया। हमलावर के साथियों ने मौके पर पहुंचकर मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे ओमैक्स आर-1 मार्केट से रोहन अग्रवाल अपने बड़े भाई समीप अग्रवाल के साथ सामान लेकर घर जा रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। रोहन ने विरोध किया तो नशेड़ी चालक ने तेज धार वाला चाकू निकालकर उनके पीछे दौड़ लगाई। बड़े भाई समीप ने रोहन को बचाने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की में उनकी कोहनी में चोट आई। हमलावर ने तुरंत अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। वहां काफी देर तक उपद्रव करते रहे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने की सूचना मिलते ही आरोपी वहां भाग निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है। जांच के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।



### अविरल की घातक गेंदबाजी, सीएएल जायंट्स सेमीफाइनल में

**अमृत विचार , लखनऊः** रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सीएएल जायंट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीएएल ऑरेंज को 35 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। गोमती नगर स्थित ब्लेज विलो मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल जायंट्स ने निर्धारित 25 ओवर में सात विकेट खोकर 193 रन बनाए। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज आदित्य सिंह ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 58 गेंदों पर 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 83 रन की शानदार पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल ऑरेंज की पूरी टीम 23.4 ओवर में 158 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से आर्यन यादव ने 62 गेंदों में 17 चौकों की मदद से 85 रन बनाकर टीम में अपना योगीदान दिया।

# सर्वांग, चैतन्य, संकल्प व अंश ने की स्वर्णिम शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय प्रथम वीकेएस फाउंडेशन तैराकी चैंपियनशिप में सर्वांग राठौर, चैतन्य निंबाकर, संकल्प यादव और अंश खुराना ने स्वर्णिम शुरुआत की। चारों ही तैराकों ने प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को दो-दो स्वर्ण पदक जीते।

लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में शुरू हुई प्रतियोगिता में पहले दिन इशकांत स्वीमिंग क्लब के सर्वांग राठौर ने बालक वर्ग ग्रुप सी में 50 मीटर फ्री स्टाइल और 100 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीते। चैतन्य निंबाकर ने ग्रुप बी में 50 मीटर फ्री स्टाइल और 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में पहला स्थान हासिल किया। एलपीएस गोमतीनगर के संकल्प यादव ने ग्रुप सी के 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इशकांत स्वीमिंग क्लब के अंश खुराना ने ग्रुप ए में 100 मीटर बैक स्ट्रोक और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पर कब्जा किया। इसके पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि राम मनोहर लोहिया मेडिकल इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. सीएम सिंह और विशिष्ट अतिथि पूर्व निदेशक स्वास्थ्य डॉ. राजेंद्र कपूर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वीकेएस फाउंडेशन के निदेशक शिवम विजय साहू ने अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत किया।



तैराकी चैंपियनशिप में आहना तिवारी अदिती श्रीवास्तव अदविका ठाकुर को सम्मानित करते विजय कुमार साहू फाउंडेशन के निदेशक शिवम विजय साहू। • अमृत विचार

- जिला स्तरीय वीकेएस फाउंडेशन तैराकी चैंपियनशिप में पहले दिन जीते दो-दो स्वर्ण पदक

## जाम का झाम



लालबाग नगर निगम मुख्यालय के सामने लगा जाम। अमृत विचार

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर से फर्जी बिलिंग से मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था लागू होने के बाद बिजली उपभोक्ताओं को कई सुविधाएं मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का दावा है कि इस नई प्रणाली से फर्जी बिलिंग, गलत रीडिंग और भुगतान में देरी जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल रहा है।

लखनऊ मध्य जोन के अधीक्षण अभियंता (वाणिज्य) मुकेश कुमार त्यागी ने शनिवार को 1912 कॉल सेंटर हुसैनगंज पर बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को पारदर्शी और आसान बिजली उपयोग का अनुभव देता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग मीटर को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, खासकर वे उपभोक्ता जो समय पर बिल भुगतान नहीं करते थे। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ता अब मोबाइल ऐप के माध्यम से रोजाना बिजली खपत की निगरानी कर सकते हैं। इससे अनावश्यक बिजली खर्च को कम करना आसान हो जाता है और बिल पर नियंत्रण रहता है।

इस सिस्टम के लागू होने के बाद उन उपभोक्ताओं को भी नियमित भुगतान करना पड़ रहा है, जिन्होंने लंबे समय तक बकाया नहीं चुकाया था। स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था से बिजली उपभोग अधिक पारदर्शी, नियंत्रित और उपभोक्ता के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है।

### सात बड़े फायदे

- बैलेंस पॉजिटिव रहते हुए रिचार्ज करने पर 2 प्रतिशत तक की छूट
- मोबाइल ऐप से रोजाना बिजली खपत की निगरानी
- फर्जी या गलत मीटर रीडिंग से पूरी तरह राहत
- बैलेंस खत्म होने से पहले बार-बार अलर्ट संदेश
- घर बैठे आसानी से ऑनलाइन रिचार्ज की सुविधा
- स्मार्ट ऐप पर सभी जरूरी सूचनाएं उपलब्ध
- मीटर खराब होने पर स्वत: विभाग को सूचना, मुफ्त में बदलने की सुविधा

### जेई पर 2 लाख रुपये मांगने का आरोप

- **अमृत विचार, लखनऊ :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत तैनात जूनियर इंजीनियर विनय कुमार पर एक ठेकेदार से अतिरिक्त रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, आठ रो-हाउस वाली विकसित कॉलोनी को बिजली कनेक्शन देने के लिए विभाग ने करीब 3 लाख रुपये का आधिकारिक एस्टीमेट जारी किया था। आरोप है कि जेई ने इस काम को जल्दी कराने और ऊपर तक मैनेज करने के नाम पर ठेकेदार से 2 लाख रुपये अतिरिक्त मांगे। इससे जुड़े मामले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कथित तौर पर जेई और ठेकेदार के बीच पैसों को लेकर बातचीत सुनाई दे रही है। हालांकि, ऐसे किसी वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और ठेकेदारों में भारी आक्रोश है। लोग इसे विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार बता रहे हैं और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले के सामने आने के बाद मुख्य अभियंता अमौसी जोन रामकुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए अधीक्षण अभियंता तकनीकी की देखरेख में दो सदस्यीय जांच कमेटी बना दी गई है। रिर्पोट के आधार पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# मंदिर में श्याम परिवार लगाएगा 11 वाटर कूलर

**अमृत विचार,लखनऊः** गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर की संस्था श्याम परिवार जनसेवा का वृहद अभियान चलाएगा। श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि शहर के डालीगंज बाजार, आईटी चौराहा, छाछी कुआं, लाल कुआं, चौक, न्यू हैदराबाद, दो सरस्वती शिशु मंदिर, निशातगंज, महानगर समेत 11 स्थानों पर आरओ युक्त वॉटर कूलर लगाए जाएंगे। श्याम परिवार के प्रवक्ता अनुराग साहू बताया कि हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह और विशेषकर बड़े मंगल का विशेष महत्व है। इसी को ध्यान में रखते हुए खाटू श्याम मंदिर परिसर में बड़े मंगल के प्रथम मंगलवार से दो महीने तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक हजारों भक्तों एवं जरूरतमंदों के लिए सात्विक भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, चावल, दाल, हलवा और शीतल पेय की व्यवस्था की जाएगी। श्याम परिवार के कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल कहा कि संस्था का एकमात्र उद्देश्य नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना है।

सख्ती | उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कुलपति को पत्र लिखकर दिया निर्देश

# मरीज की मौत मामले की तीन दिन में पूरी करें जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में मरीज की मौत पर परिजन ने की थी तोड़फोड़

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में गुरुवार देर रात बुजुर्ग मरीज की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद को पत्र लिखकर तीन दिन में जांच करने के निर्देश दिए हैं।

हरदोई के संडीला निवासी राजकुमार गुप्ता (60) को सांस लेने में तकलीफ होने पर गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लाया गया था। डॉक्टरों ने इमरजेंसी में भर्ती कर ऑक्सीजन सपोर्ट दिया और हालत नाजुक बताते हुए वेंटिलेटर की आवश्यकता जताई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, शुरुआत में परिजनों ने वेंटिलेटर से इनकार किया, लेकिन बाद में सहमति दी। इसी बीच मरीज की मौत हो गई।

मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा और तोड़फोड़ की। उनका आरोप है कि छाती में संक्रमण और अत्यधिक बलगम के कारण मरीज को सांस लेने में दिक्कत थी, लेकिन सक्सन मशीन में गैस खत्म होने से बलगम नहीं निकाला जा सका। इससे इलाज में देरी हुई और स्थिति बिगड़ गई। इस संबंध में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरे मामले में राहत, मरीज की हालत सुधरी

- इसी बीच ट्रॉमा सेंटर से जुड़ा एक और वीडियो सामने आया, जिसमें बेड न मिलने का आरोप लगाया गया। इस पर भी जांच के आदेश दिए गए हैं। अस्पताल प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के मुताबिक, घायल युवक शुभम मिश्र (24) को 30 अप्रैल को भर्ती किया गया था। इलाज और वेंटिलेटर सपोर्ट के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ है और अब वह वेंटिलेटर से बाहर आ चुका है। परिजनों ने उपचार से संतोष जताया है।

# बंदी की जेल में मौत

संवाददाता मोहनलालगंज

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज से हत्या के मामले में जेल में बंद बंदी की शुक्रवार को बलरामपुर अस्पताल में मौत हो गई। वहीं, जेल प्रशासन ने बीमारी से मौत की वजह बतायी है। मोहनलालगंज के जैती खेड़ा निवासी गया प्रसाद (35) जिला जेल लखनऊ में बंद थे। परिजन ने बताया कि करीब 11 माह पहले परिवार में विवाद हुआ था। मारपीट के दौरान परिवार के रामू के सिर में चोट लगने से मौत हो गई थी। पीड़ित परिजन ने गया प्रसाद और उसके भाई गणेश के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तब से दोनों भाई जेल में बंद थे। घरवालों ने बताया कि शुक्रवार सुबह जेल से फोन आया कि गया प्रसाद की तबीयत बिगड़ गई है। वह बलरामपुर अस्पताल में भर्ती है। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो वहां गया प्रसाद का शव मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। दो दिन पहले परिजन गया प्रसाद से पेशी में मिले थे। दो दिन में ऐसी कौन सी तबीयत खराब हो गयी, जिससे उसकी मौत हो गई।



गया प्रसाद